University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Press Note 04 August 2020

आगामी 09 अगस्त 2020 को आयोजित होने वाली, संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2020–22 के सभी अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रवेश–परीक्षा के सुरक्षित व सुचारू संचालन की सभी व्यवस्थाएं सम्यक रूप से कर ली गई हैं। अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो इस हेतु प्रदेश सरकार, उ॰प्र॰ शासन, जिला–प्रशासन के साथ तालमेल बनाते हुए, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों की सुरक्षा हेतु सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं। प्रत्येक परीक्षा–केंद्र पर वर्तमान में कोविड–19 के कारण बदली हुई परिस्थितियों के दृष्टिगत, समस्त प्रोटोकॉल एवं निर्देशों का पूर्ण पालन कराया जा रहा है।

पूरे प्रदेश के अभ्यर्थियों को अनावश्यक यात्रा करने से बचाने के लिए, अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के परीक्षा केंद्र के निकटतम जनपद को दोबारा चयनित करने की ऑनलाइन सुविधा दी गई थी।

प्रत्येक महिला अभ्यर्थी एवम दिव्यांग अभ्यर्थी को कोई भी असुविधा न हो, इसके लिए उनके द्वारा परीक्षा केंद्र के विकल्प के रूप में चयनित जनपदों में से प्रथम विकल्प के जनपद में ही परीक्षा केंद्र आबंटित किये गए हैं।

यथा संभव, अधिकतर परीक्षार्थियों को उनके द्वारा दिये गए विकल्पों के जनपद (प्रयागराज आदि कुछ जनपदों को छोड़कर) में ही परीक्षा केंद्र आबंटित किये गए हैं।

प्रत्येक परीक्षार्थी के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए, प्रत्येक परीक्षा–केंद्र पर परीक्षा–कक्षों तथा फर्नीचर इत्यादि को सेनेटाइज कराने की पर्याप्त व्यवस्था, प्रत्येक परीक्षार्थी/कक्ष निरीक्षक एवम परीक्षा से सम्बंधित हर व्यक्ति का इंफ्रारेड थर्मामीटर द्वारा शारीरिक तापमान मापने के साथ ही मास्क लगाकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सेनिटाइजर, हैंड वाश आदि की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है । प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेनेटाइजेशन की प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए, इस कार्य हेतु समर्पित, एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति की गई है जो इस कार्य हेतु उत्तरदायी होंगे । अभ्यर्थियों के उँगलियों के चिन्ह लेने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अलग डिस्पोजेबल स्ट्रिप की भी व्यवस्था की गई है ताकि किसी को दूसरे की स्पर्श की गई स्ट्रिप न छूनी पड़े ।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक निजी यातायात, यथा : टेंपो, टैक्सी, ओला, उबर, प्राइवेट व सरकारी बसें इत्यादि दिनाँक 08 व 09 अगस्त 2020 को सुचारू रूप से चलती रहेंगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश–पत्र के साथ आवागमन की समुचित अनुमति सरकार द्वारा दे दी गई है।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा व सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए निर्भय होकर संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰ 2020–22 में सम्मिलित हों। आयोजक विश्वविद्यालय उनकी सुरक्षा व स्वास्थ्य हेतु पूर्णतया जागरूक है तथा सभी वांछित व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

समस्त परीक्षार्थियों उनके उज्ज्वल भविष्य की मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

(कुलपति/चेयरमैन)
सयुक्त प्रवेश परीक्षा बी॰एड॰–2020

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
University of Lucknow, Lucknow

Three new PG and three UG programs have been approved in the recently held Academic Council meeting chaired by Hon'ble Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai. Of these two PG programs M.A. in Yoga and M.Sc. in Yoga have been launched in the newly constituted Faculty of Yoga and Alternative Medicine while the third PG program M.A in Public Policy and Governance has been launched by the Dr. Shanker Dayal Sharma Institute of Democracy and Governance. The details of these programs are available on the University of Lucknow website.
Three Undergraduate programs have also been launched in the Faculty of Yoga and Alternative Medicine. These are B.A. in Yoga, B.Sc. in Yoga and Bachelor in Naturopathy and Yogic Sciences.
Forms of all the above programs are now available along with the forms of other programs. The last date of form submission of PG programs are being extended till August 24, 2020.

माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद (Academic Council) की बैठक में तीन नए परास्नातक और तीन स्नातक पाठ्यक्रमों को मंजूरी दी गई है। परास्नातक पाठ्यक्रमों में योग में एम.ए और एम.एससी., योग और वैकल्पिक चिकित्सा के नए गठित संकाय में शुरू किये गए हैं, जबकि लोक नीति और शासन में तीसरा परास्नातक पाठ्यक्रम डॉ शंकर दयाल शर्मा लोकतंत्र और प्रशासन संस्थान द्वारा शुरू किया गया है। इन पाठ्यक्रमों का विवरण लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

योग और वैकल्पिक चिकित्सा संकाय में तीन स्नातक पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। यह हैं योग मे बी.ए., बी.एससी. और बैचलर इन नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज।

उपरोक्त सभी प्रोग्राम फॉर्म अब विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों के फॉर्म के साथ उपलब्ध हैं। पीजी कार्यक्रमों के लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त, 2020 तक बढ़ाई जा रही है।